कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा

क्रमांक – एफ 9( )परीक्षा/कोविको/2022/6963 दिनांक :–18-11-22

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय के पूर्व प्रसारित पत्र क्रमांक 6721 दिनांक 03.11.2022 के द्वारा महाराजा हम्मीर महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर एवं जमवाय कन्या महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर के बी.एड. भाग–प्रथम व द्वितीय, बी.ए.–बी.एड., बी.एससी.–बी.एड. भाग–प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ परीक्षा–2022 के ऐसे छात्र जिनकी इन्टर्नशिप पूर्ण हो चुकी है, उक्त महाविद्यालय के छात्रों की आन्तरिक मूल्यांकन/बाह्य मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा/फाईनल लेसन हितकारी सहकारी महिला शिक्षा महाविद्यालय, कोटा में आयोजित करवाया जाना निर्धारित किया गया है।

उक्त सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर द्वारा दिनांक 10.11.2022 को सिविल रिट में पारित निर्णय के अनुसार उक्त महाविद्यालयों के छात्रों (Interested Petitioners) के आन्तरिक मूल्यांकन/बाह्य मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा/फाईनल लेसन में हितकारी सहकारी महिला शिक्षा महाविद्यालय, कोटा के अतिरिक्त उक्त महाविद्यालय यथा–महाराजा हम्मीर महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर व जमवाय कन्या महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर में भी सम्मिलित हो सकते हैं।

अतः महाराजा हम्मीर महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर व जमवाय कन्या महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर के समस्त छात्रों (Interested Petitioners) को सूचित किया जाता है कि उक्त आयोजित प्रायोगिक परीक्षा/फाईनल लेसन में जिस भी महाविद्यालय में सम्मिलित होना चाहते हैं, वे अपनी सहमति नाम, रोल नं. कक्षा का नाम, महाविद्यालय का नाम (प्रायोगिक परीक्षा/फाईनल लेसन हेतु) सहित 03 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। उक्त प्रायोगिक परीक्षा/फाईनल लेसन में उपस्थित नहीं होने वाले छात्रों को अनुपस्थित मानते हुये परीक्षा परिणाम जारी किया जावेगा।

कुलसचिव

E:\Dharmendra\UOK\vigyapti.doc